दिन–गुरूवार दिनांक– 09/07/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज सीमा सुरक्षा को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में बिहार समेत सीमावर्ती राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में घुसपैठ, सीमा से जुड़े इलाकों में आबादी के पैर्टन में बदलाव, नशीले पदार्थों की तस्करी और सीमा सुरक्षा समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी।

———————————————————

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष–आईएमएफ ने वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है। आईएमएफ के अनुसार, मजबूत घरेलू मांग और आर्थिक गतिविधियों के चलते भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी बढ़त बनाए रखेगा। हालांकि, अगले वर्ष दो हजार सत्ताईस में देश की सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी वृद्धि दर कुछ घटकर छह दशमलव चार प्रतिशत रहने का अनुमान है। आईएमएफ का कहना है कि इसके बावजूद भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज़ गति से विकास करने वाला देश बना रहेगा।

———————————————————

बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी अभिषेक कुमार ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की सांसद शांभवी चौधरी समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नामांकन के बाद भाजपा प्रत्याशी ने अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि उन्हें कहीं से कोई चुनौती नहीं है। इधर, राजद प्रत्याशी रेखा गुप्ता ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। मौके पर राजद समेत महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता मौजूद थे। जनसुराज पार्टी के प्रशांत किशोर ग्यारह जुलाई को अपना पर्चा दाखिल करेंगे।

———————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे के दौरान कटिहार के अमदाबाद में सबसे अधिक एक सौ आठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना है। इधर, विभाग ने शाम पांच बजे तक नालंदा, पटना, बेगूसराय, मुंगेर, लखीसराय, वैशाली, शेखपुरा और समस्तीपुर जिले में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की है।

———————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के तबादले के लिए पोर्टल आज से चालू हो रहा है। इसके माध्यम से शिक्षक स्थानांतरण के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार ने स्थानांतरण की नीति बनायी है। उन्होंने कहा कि तबादले के लिए मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी जारी हो चुकी है।

———————————————————

आर्थिक अपराध इकाई की टीम सीवान में पदस्थापित उत्पाद निरीक्षक अंकेश कुमार गोंड के पटना के दानापुर स्थित अवास समेत पांच ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनके मुंगेर और सीवान स्थित ठिकानों पर भी छापेमारी जारी है। आय से अधिक सम्पत्ति मामले में यह कार्रवाई की जा रही है।

———————————————————

गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र के सिजुआ गांव के पास एक कार और ट्रक के बीच टक्कर के बाद कार में आग लग गयी। हादसे में कार सवार दो लोगों की झुलसकर मौत हो गयी। कार चालक की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

———————————————————

वहीं, कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत परमालपुर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक के अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा जाने के कारण चालक और खलासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

———————————————————

पटना के अमहरा थाना क्षेत्र के बभवनलई गांव से पुलिस ने शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक तस्कर को तेरह किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।